Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष-३० अंक-०६-१० प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ मई - ३१ मई २०२१ (संयुक्तअंक) पृष्ठ १२ मूल्यः१५ रु.मात्र (रंगीन सहित)



## कोरोना से लड़ने में नर्सिंग स्टॉफ रहा सबसे आगे-पीएम मोदी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और दुनिया के नर्सो को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन मेहनती नर्सिंग स्टॉफ के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है। बुधवार दिनांक १२ मई को पीएम ने ट्वीट कर कहा कि किया,अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मेहनती नर्सिंग स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है, जो कोरोना से लड़ने में सबसे आगे है। स्वस्थ भारत के प्रति उनके कर्तव्य, करुणा और प्रतिबद्धता की भावना अनुकरणीय है।

इसके साथ ही एक उच्चस्तरीय बैठक में कोरोना के गहराते संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑक्सीजन व दवा की उपलब्धता और आपूर्ति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने देश में कुछ स्थानों पर ब्लैक फंगस से संक्रमण मामले का भी संज्ञान लिया। पीएम ने कहा कि भारत का फार्मा सेक्टर काफी जीवंत है और दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार लगातार उनके संपर्क में है। वहीं बैठक में अधिकारियों ने पीएम मोदी को ऑक्सीजन रेल और कन्संट्रेटर्स की भी जानकारी दी। इसके साथ ही उन्हें बताया गया कि राज्यों को अच्छी मात्रा में दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## चार राज्यों को रेलवे ने पहुंचाई सैकड़ों टन प्राणवायु



रे.स.ब्यूरो./संवा.नई दिल्ली। भारतीय रेलवे भी देश पर कोरोना से छाए महामारी के महासंकट से निपटने में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहा है। रेलवे विभिन्न राज्यों में ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से जीवनदायिनी गैस की आपूर्ति कर रहा है। वहीं अपने प्लेटफॉर्मो पर भी कोविड कोच तैयार कर राज्यों को सौंप रहा है। ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेन के जरिए रेलवे ने दिनांक २८.०४.२०२१ तक उत्तर प्रदेश को २०२ मीट्रिक टन, महाराष्ट्र को १७४ मीट्रिक टन, दिल्ली को ७० मीट्रिक टन और मध्य प्रदेश को ६४ मीट्रिक टन मेडिकल ऑक्सीजन पहुंचाई है। इसके अलावा रेलवे ने महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश के लिए २२ अतिरिक्त कोविड केयर कोच तैयार किए हैं। वहीं अब तक कुल १६१ कोच विभिन्न राज्यों को सौंपे जा चुके हैं।

मेदांता

भारतीय रेलवे के गर्वित साझेदार

भारतीय रेलवे के नियमित एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए

रेलवे द्वारा अनुबंधित दरों पर सभी सुपर स्पेशियेलिटी बिमारियों के लिए

कैशलेस मेडिकल सुविधा

उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

+91 88004 94240, +91 98917 76668

मेदांता - गुरूग्रामः सेक्टर 38, गुरूग्राम, हरियाणा - 122001

टेलीफोनः +91 124 4141 414

info@medanta.org | www.medanta.org

## संजय कुमार मोहंती बने रेलवे बोर्ड मे (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) के सदस्य



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेल मंत्रालय में रेलवे बोर्ड (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) के नए सदस्य और कार्यकारी अधिकारी का पदभार संजय कुमार मोहंती ने संभाल लिया है। यह नियुक्ति १ मई २०२१ से प्रभावी है। मोहंती रेलवे बोर्ड के सदस्य के पद से पहले दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक थे। संजय कुमार मोहंती दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के पूर्व छात्र हैं और भारतीय रेल यातायात सेवा (आईआरटीएस) के १९८४ बैच के अधिकारी हैं। मोहंती ने भारतीय रेलवे में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। वे प्रधान कार्यकारी निदेशक (यातायात परिवहन) / रेलवे बोर्ड, ईस्ट कोस्ट रेलवे में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक और मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा खुर्दा रोड डिवीजन में मंडल रेल प्रबंधक रह चुके हैं। उन्होने मुंबई, नागपुर, झांसी और कोंकण रेलवे में भी विभिन्न वरिष्ठ पदों पर काम किया है, जहां उन्हें प्रशासन तथा ट्रेन संचालन में विभिन्न नवाचारों के लिए सिस्टम बिल्डर के रूप में जाना जाता था।

# रेलवे ने की ६ रेलवे स्टेशनों पर २,६७० कोविड देखभाल बिस्तरों की व्यवस्था

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेल मंत्रालय कोविड महामारी की इस दूसरी लहर के दौरान अपने ६४,००० बिस्तर क्षमता वाले ४,००० कोचों (आइसोलेशन यूनिट के रूप में तैयार) के माध्यम से राज्य सरकारों की तरफ से मिल रही कोविड देखभाल कोचों की मांग तेजी से पूरा कर रहा है। वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इन कोविड देखभाल कोचों में ८१ कोविड मरीजों का प्रवेश और इसी क्रम में २२ मरीजों का डिस्चार्ज देखने को मिल रहा है। किसी भी कोविड देखभाल सुविधा में कोई मौत दर्ज नहीं की गई है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में नौ बड़े स्टेशनों पर खड़े इन



कोचों के उपयोग की अद्यतन स्थिति इस प्रकार है: दिल्ली में, रेलवे ने राज्य सरकार की १,२०० बिस्तर क्षमता वाले ७५ कोविड देखभाल कोचों की मांग पूरी की है। इनमें से ५० कोच शकूरबस्ती में खड़े हैं और २५ कोच आनंद विहार स्टेशन पर हैं। वर्तमान में, शकूरबस्ती पर ५ मरीज भर्ती कराए गए थे और एक मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया है। बीते साल (२०२०) में पहली कोविड लहर में, शकूरबस्ती केन्द्र पर ८५७ मरीज भर्ती और डिस्चार्ज हुए थे। भोपाल (मध्य प्रदेश) में, रेलवे ने २९२ बिस्तर क्षमता वाले २० आइसोलेशन कोच तैनात किए हैं। इनमें ३ मरीज भर्ती कराए गए थे और वे वर्तमान में इस सुविधा का इस्तेमाल कर रहे हैं। नंदरूबार (महाराष्ट्र) में, २९२ बिस्तर क्षमता वाले २४ आइसोलेशन कोच तैनात किए गए हैं। इस केन्द्र में अभी तक ७३ लोग भर्ती कराए गए हैं। वर्तमान कोविड लहर में भर्ती हुए ५५ मरीजों में से ७ मरीज डिस्चार्ज हो गए हैं। आज (२६.०४.२०२१) को ४ नए मरीज भर्ती हुए। इस यूनिट में ३२६ बिस्तर अभी तक कोविड मरीजों के लिए उपलब्ध हैं। उत्तर प्रदेश में, भले ही राज्य सरकार ने कोचों की मांग नहीं की है, लेकिन फैजाबाद, भदोही, वाराणसी, बरेली और नजीबाबाद में कुल ८०० बिस्तर क्षमता (५० कोच) वाले १०-१० कोच तैनात हैं।

# गाइडलाइन का पालन न करने पर ६५ गिरफ्तार

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। पुलिस ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने पर ६५ लोगों को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में धारा १८८ और महामारी अधिनियम के तहत ४२ मुकदमे दर्ज किए गए। शुक्रवार दिनांक ३०.०४.२०२१ को पुलिस ने मास्क न लगाने वालों के खिलाफ भी चेकिंग अभियान चलाया। बिना मास्क ५१० लोग मिले, जिससे कुल एक लाख १३ हजार रुपये जुर्माना वसूल किया गया। इसके अलावा पुलिस ने २६२६ गाड़ियों की चेकिंग की। १०४ गाड़ियों का पुलिस ने चालान किया।

# १४ मई तक नहीं बनेगा पासपोर्ट




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना वायरस के बढ़ते प्रसार को देखते हुए पासपोर्ट सेवा केंद्र में १४ मई तक के लिए पासपोर्ट बनाने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। आवेदन की संख्या कोरोना संक्रमण के कारण पहले ही आधी कर दी गई थी, लेकिन अब ३० अप्रैल से १४ मई तक के लिए इसे बंद कर दिया गया। प्रवर डाक अधीक्षक संजय डी अखाड़े के अनुसार पासपोर्ट सेवा केंद्र का कोई कर्मचारी संक्रमित न हो और लोग अपने घरों में रहें, इसे ध्यान में रखते हुए यह आदेश गुरुवार दिनांक २६.०४.२०२१ को जारी किया गया।

# स्वास्थ्य विभाग टीकाकरण अभियान में लेगा एनसीसी कैडेट्स की मदद

रे.स.ब्यूरो.। एक मई से कोविड-१६ का टीका १८ वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को लगाया जाएगा। ऐसे में टीकाकरण वाले स्थानों पर लोगों की भीड़ भी बढ़ेगी जिसको ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से कैडेट्स का सहयोग लेने पर विचार किया जा रहा है। टीकाकरण स्थल पर आने वालों को एनसीसी कैडेट्स सोशल डिस्टेंसिंग के साथ कोरोना गाइडलाइंस का पालन कराएंगे। साथ ही उन्हें अन्य सहूलियत भी दिलाएंगे। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से भीड़ अधिक होने की आशंका को देखते हुए १०० से अधिक सेंटर बनाने पर विचार किया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. तीरथ लाल के अनुसार टीकाकरण स्थल पर एनसीसी कैडेट्स अनुशासन बनाने में अहम योगदान कर सकते हैं।

# पीएम केयर्स फंड से खरीदे जाएंगे १ लाख पोर्टेबल ऑक्सीजन कंसंट्रेटर



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम केयर्स फंड से १ लाख पोर्टेबल ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की खरीद को स्वीकृति दी है। यह फैसला कोविड प्रबंधन के लिए तरल मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) आपूर्ति में सुधार के लिए जरूरी उपायों पर चर्चा करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित एक उच्च-स्तरीय बैठक में लिया गया। प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि इन ऑक्सीजन कंसंट्रेटरों की जल्द से जल्द खरीद की जाए और अधिक मामले वाले राज्यों को इन्हें उपलब्ध करवाया जाए। पीएम केयर्स फंड के तहत पहले से स्वीकृत ७१३ पीएसए संयंत्रों के अतिरिक्त बैठक में भी पीएम केयर्स फंड से ५०० नए प्रेशर स्विंग एडसरप्शन (पीएसए) संयंत्रों की स्वीकृति दी गई है। ये पीएसए संयंत्र जिला मुख्यालयों और टीयर २ शहरों में स्थित अस्पतालों में तरल मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति में बढ़ोतरी करेंगे। घरेलू विनिर्माताओं को डीआरडीओ और सीएसआईआर द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीक के हस्तांतरण के साथ इन ५०० पीएसए संयंत्रों को स्थापित किया जाएगा। पीएसए संयंत्रों की स्थापना और पोर्टेबल ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की खरीद से मांग के अनुरूप समूहों के पास ऑक्सीजन की आपूर्ति में बढ़ोतरी होगी, जिससे संयंत्रों से अस्पतालों के बीच ऑक्सीजन के परिवहन में मौजूदा साजो-सामान संबंधी चुनौतियों का समाधान किया जा सकेगा।

# मनमानी कर रहे अस्पतालों पर होगी सख्त कार्रवाई-सीएम योगी

रे.स.ब्यूरो.। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि निजी अस्पतालों में मनमानी वसूली को हर हाल में रोका जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आईएमए के चिकित्सकों और नर्सिंग होम एसोसिएशन के विशेषज्ञों द्वारा मण्डलायुक्तों, अपर निदेशक स्वास्थ्य तथा स्थानीय प्रशासन के साथ मिल-जुल कर प्रत्येक जिले में कोविड व नॉन कोविड रोगियों के लिए टेलीकंसल्टेशन की व्यवस्था की जाए।

कुछ अस्पतालों में नियत दर से अधिक मनमाने ढंग से शुल्क वसूले जाने की भर्त्सना की। उन्होंने कहा की डॉक्टर को भगवान का दर्जा है वहीं ऐसे हाल पीड़ित और उसके परिजनों की बद्दुआ नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने



चिकित्सा संगठनों से अपील है, ऐसे लोगों की सार्वजनिक निंदा की जाए। ऐसे अस्पतालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री मंगलवार दिनांक २७.०४.२०२१ की शाम को वर्चुअल माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों, इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) और नर्सिंग होम एसोसिएशन के साथ बात कर रहे थे। बैठक मे उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में कोविड संक्रमित व्यक्तियों के लिए डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध रहे और ऑक्सीजन का दुरुपयोग भी हर हाल में रोका जाए।

# होम आइसोलेशन पूरा करने के बाद टेस्ट कराना जरूरी नही-डॉ. रणदीप गुलेरिया

रे.स.ब्यू./सूत्र,दिल्ली। कोरोना वायरस को लेकर एम्स दिल्ली के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कई अहम बातें बताई। शुक्रवार दिनांक ३०.०४.२०२१ को उन्होंने बताया कि होम आइसोलेशन पूरा करने के बाद संबंधित व्यक्ति को टेस्ट कराना जरूरी नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कम संक्रमित व्यक्ति या एसिम्टोमैटिक मरीज में सातवें या आठवें दिन वायरस मर जाता है और इस वक्त तक वह दूसरे व्यक्ति को संक्रमित नहीं कर सकता है। डॉ. गुलेरिया ने बताया कि मरे हुए वायरस आरटी-पीसीआर टेस्ट में पकड़ में आ सकते हैं और रोगी की रिपोर्ट पॉजिटिव आ सकती है, जबकि वह कोरोना के संक्रमण से मुक्त हो चुका होता है। निदेशक ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा नई गाइड लाइन में होम आइसोलेशन में १० दिन ही रहने की जरूरत है। इसके बाद आइसोलेशन खत्म किया जा सकता है, पर व्यक्ति को बीते तीन दिनों में बुखार न आया हो।

## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादकः ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

# ऑक्सीमीटर व आरटीपीसीआर जांच हेतु डिप्टी सीएम ने दिए एक करोड़



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने विधायक निधि से एक करोड़ रुपये की धनराशि दी है। कोविड-१६ महामारी से बचाव हेतु उन्होंने प्रयागराज के सीडीओ से कहा है कि संबंधित आरटीपीसीआर जांच के लिए अस्थायी केंद्र बनाने, ऑक्सीमीटर उपलब्ध कराने एवं होम आइसालेशन में रह रहे लोगों को दवाई और ऑक्सीजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था के लिए उनकी विधायक निधि से यह धनराशि जल्द से जल्द अवमुक्त कर दी जाए। इसके साथ ही कौशाम्बी जनपद के लिए भी डिप्टी सीएम ने ५० लाख की धनराशि सीडीओ से अवमुक्त करने को कहा है।

# पॉजिटिव सोच से भी कोरोना होगा निगेटिव

कोरोना को मजबूत आत्मबल, इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच के साथ आसानी से शिकस्त दी जा सकती है। प्रयागराज में जिस तरह से बीते कुछ दिनों के दौरान कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या बढ़ी, उससे हर कोई चिंतित हो गया। वहीं इस बीमारी से ठीक हुए अधिकांश लोगों का मानना है कि खुद की सोच को पॉजिटिव रखें तो कोरोना जरूर निगेटिव हो जाएगा। खास बात यह रही कि कोरोना की दूसरी लहर से हर उम्र वर्ग के लोग प्रभावित हुए। लेकिन अब जिस तरह से लोग इस बीमारी को शिकस्त देकर आ रहे हैं,उससे अब यही लग रहा है कि प्रयागराज वासी कोरोना से जल्द ही जंग जीत लेंगे। वहीं इस जंग में ८६ वर्ष की उम्र में कोरोना को मात देकर लौटे पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी समेत तमाम लोगों ने सकारात्मक सोच और कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए इस बीमारी के चंगुल से मुक्ति पाई है। इसके साथ ही गर्म पानी का नियमित सेवन, दिन में तीन-चार बार भाप लेना। एक चार्ट बनाकर ऑक्सीमेटर में आने वाले ऑक्सीजन का लेवल और थर्मामीटर से आने वाले बुखार पर निरंतर नजर रखना और डाक्टर से परामर्श लेना भी बेहत जरूरी है।

# इफको कराएगा अस्पतालों में नि:शुल्क ऑक्सीजन उपलब्ध

रे.स.ब्यू./सूत्र। महामारी के इस दौर मे कोरोना मरीजों के लिए इफको फूलपुर इकाई में स्थापित हो रहे ऑक्सीजन प्लांट से अब अस्पतालों को फ्री ऑक्सीजन उपलब्ध कराई जाएगी जो थोड़ी राहत भारी खबर है। सूत्रों के अनुसार इफको के प्रबंध निदेशक डा. उदय शंकर अवस्थी का कहना है कि अस्पतालों में ऑक्सीजन संकट से निपटने में इफको भी सहयोग करेगा, इसके लिए समर्पित लोगों की अलग टीम बनाई गई है। इफको की फूलपुर इकाई में १३० क्यूबिक घनमीटर प्रति घंटा की क्षमता के साथ तीसरा मेडिकल ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित किया जा रहा है, जो अगले माह ३० मई तारीख से ऑक्सीजन का उत्पादन शुरू कर देगा। आसपास के क्षेत्रों के इफको अस्पतालों के लिए मुफ्त में ऑक्सीजन सिलिंडर भरेगा। इसके लिए उन्हें रिफिल के लिए खुद का सिलिंडर लाना होगा।

इफको के जनसंपर्क अधिकारी संजय मिश्र ने बताया कि इफको के मेडिकल ग्रेड के आक्सीजन बनाने की क्षमता ४६० घनमीटर प्रति घंटे होगी। उत्तर प्रदेश में दो संयंत्रों के लिए जमीनी स्तर पर काम पहले ही शुरू हो चुका है। इससे कोरोना मरीजों को भारी राहत मिलेगी।

# गोरखपुर की तीन पैसेंजर ट्रेनें अगले आदेश तक निरस्त

रे.स.ब्यू./सूत्र. गोरखपुर। रेल प्रशासन ने यात्रियों की संख्या कम होने और परिचालनिक कठिनाइयों को देखते हुए गोरखपुर से एक्सप्रेस के रूप में चलाई जा रहीं तीन पैसेंजर ट्रेनों का संचलन ०१ मई से आगले आदेश तक निरस्त कर दिया है।

जिनमें गोरखपुर-ऐशबाग स्पेशल, नौतनवा-गोरखपुर स्पेशल, गोंडा-गोरखपुर स्पेशल शामिल है।

जो धर्म दूसरे धर्म का बाधक होता है, वह धर्म नहीं कुधर्म है। सच्चा धर्म वही है जो किसी धर्म का विरोधी न हो।

# श्मशान घाटों पर वसूले जा रहे मनमाने दाम

रे.स.ब्यूरो./संवा.कोरोना इंसान के जीवन मे यह दिन भी दिखाएगा की जब श्मशान घाटों पर शवों के अंतिम संस्कार के लिए लाइन लग रही है, और अर्थी सजाने के लिए इस्तेमाल होने वाले सामानों की कीमतों में इजाफा हो गया है। इसके अलावा चिता पर लगने वाली लकड़ी की कीमतें भी बढ़ गई हैं। घाटों में एक चिता को जलाने के लिए लकड़ी के ५००० से ६००० रुपये तक लिए जा रहे हैं। वहीं कुछ लोग मनमानी कीमत भी वसूल कर रहे हैं

# महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने की कोविड-१६ स्थिति कि समीक्षा

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे कोविड-१६ से अपने कार्यबल की रक्षा करते हुए सुरक्षित और कुशल ट्रेन संचालन को निर्बाध रूप से बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय कर रहा है। इस सतत निगरानी प्रणाली के अंतर्गत दिनांक २०.०४.२०२१ को, महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों, मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे पर कोविड-१६ स्थिति की समीक्षा की। महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने सभी विभागों और मंडलों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी पात्र रेलवे कर्मचारियों को प्राथमिकता पर टीका लगाया जाए।



उन्होंने तथ्यात्मक जानकारी के प्रसार के माध्यम से फील्ड स्टाफ को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने और टीके से जुड़ी किसी प्रकार की भ्रम आदि को दूर करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कोविड-१६ महामारी के खिलाफ इस लड़ाई में निगरानी और स्टाफ से नियमित संवाद की प्रणाली अत्यंत महत्वपूर्ण है और मण्डल और मुख्यालय के अधिकारियों को इसके लिए मजबूत तंत्र सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

# अपील

रेल समाचार ब्यूरो सभी देश वासियों से अपील करता है कि, कोविड-१६ हेतु सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करें

\- प्रधान संपादक

# उत्तर मध्य रेलवे में रेल सुरक्षा बल कर्मियों के लिए कोविड-१६ पर वेबिनार आयोजित




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रवींद्र वर्मा की अध्यक्षता में एक वेबिनार सत्र आयोजित किया गया। इस वेबिनार में सभी वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त /मंडल सुरक्षा आयुक्त, प्राचार्य-क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, जोन के सभी सहायक सुरक्षा आयुक्त और रेल सुरक्षा बल निरीक्षक उपस्थित थे। रेल सुरक्षा बल कर्मियों को संबोधित करते हुए, रवींद्र वर्मा ने बल के सदस्यों और उनके परिवारों की सुरक्षा के बारे में जानकारी दी और सभी को सरकार द्वारा जारी किए गए प्रोटोकॉल को पालन करने की सलाह दी। इस अवसर पर बोलते हुए वर्मा ने कहा कि सभी को नियमित शारीरिक व्यायाम, टहलने, योग आदि को अपनाना चाहिए। रेल सुरक्षा बल/ उत्तर मध्य रेलव/ मुख्यालय ने कोविड-१६ महामारी के प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए एक जागरूकता अभियान नो-मास्क-नो एंट्री" भी शुरू किया है। ड्राइव के दौरान, कोविड -१६ के खिलाफ लड़ाई में मास्क/फेसकवर के महत्व के बारे में रेलवे कर्मचारियों और रेल सुरक्षा बल कर्मचारियों को जागरूक किया जा रहा है।

# Telangana receives its 1st Oxygen Express with 63.6 MT Liquid Oxygen

**PIB/New Delhi: Continuing its journey of bringing relief to people by delivering Liquid Medical Oxygen(LMO) to various states across the country, Indian Railways has now delivered 1094 MT of LMO in 74 tankers to various states across the country. 19 Oxygen Expresses have already completed their journey and 2 more loaded Oxygen Express are on the run carrying 61.46 MT (approx.) of LMO in 4 tankers. It is Indian Railways endeavour to deliver as much LMO as possible in the shortest time possible to the requesting states. Delhi received its 2nd Oxygen Express carrying 120 MT of LMO, third Oxygen Express has already begun its journey from Angul to Delhi carrying 30.86 MT LMO.Telangana received its first Oxygen Express from Angul carrying 63.6 MT LMO.More Oxygen Express to Haryana & Delhi carrying 61.46 MT LMO are on their way. So far, Indian Railways has delivered more than 1094 metric tonnes Liquid Medical Oxygen (LMO) to Maharashtra (174 MT), Uttar Pradesh (430.51 MT), Madhya Pradesh (156.96 MT), Delhi (190 MT), Haryana (79 MT) & Telangana (63.6 MT).**

सम्पादकीय

## मरहम ऑक्सीजन का

कोरोना के इस दूसरे लहर में ऑक्सीजन का अभाव न केवल दुखद, बल्कि एक सबक भी है। सबक यह है कि हम अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को इस तरह दुरुस्त करें कि फिर कभी ऐसी महामारी आए भी, तो उससे लड़ सकें। यदि बहुत उम्रदराज व बीमार मरीजों की कोरोना से मौत हुई है, यह बड़े दुख की बात है, किन्तु अगर ये मौतें ऑक्सीजन से जुड़ी किसी कमी के कारण हुई हैं, तो हमारी व्यवस्था के लिए शर्मनाक है। निजी अस्पतालों को सुविधाओं और संसाधनों के लिए जाना जाता है, कि वे सार्वजनिक अस्पतालों के सामने एक आदर्श पेश करेंगे।

सार्वजनिक अस्पतालों पर जो दबाव बना हुआ है, वह कोई नया नहीं है, लेकिन जब निजी अस्पताल भी हांफने लगे हैं, तब यह पूरे देश के लिए चिंता की बात है। विगत समय में जिस तरह से निजी अस्पतालों का आकार व संख्या बढ़ी है, उसी हिसाब से उनसे उम्मीदें भी हैं। इस समय भारत में कोरोना ही नहीं, अभावों का भी एक बड़ा केंद्र नजर आ रहा है। वहीं दुनिया इस बात को समझती है कि भारत एक बड़ी आबादी वाला देश है और यहां चिकित्सा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखना उतना आसान नहीं है। जरा सोचिए जब अमेरिका या यूरोपीय देशों में कोरोना की लहर चरम पर थी, तब वहां भी चिकित्सा सेवाओं का ऐसा ही हाल था। पर उन देशों ने युद्ध स्तर पर इंतजाम किए। सोचिए, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जब ऑक्सीजन के अभाव में फूल रही तो देश के बाकी इलाकों में क्या स्थिति होगी। कोरोना हमें रुलाकर जो सिखा रहा है, वह हमें भूलना नहीं चाहिए। विफलता और गलतियां सुधारने की योग्यता-क्षमता होनी चाहिए। यह लोगों के दुख-दर्द पर मरहम लगाने का वक्त है, जो सरकारें इस पर खरा उतरेगी जनता उन्हें हमेशा याद रखेगा।

## केंद्र सरकार ने राज्यों को जारी की ८,८७३ करोड़ की पहली किस्त

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। देश में कोरोना संकट के बीच वित्त मंत्रालय के अंतर्गत व्यय विभाग ने गृह मंत्रालय की सिफारिश पर एक विशेष व्यवस्था के तहत सभी राज्यों को वर्ष २०२१ के लिए राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) के केंद्रीय हिस्से की पहली किस्त को निर्धारित समय से पहले अग्रिम तौर पर जारी किए हैं। राज्यों को ८,८७३.६ करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। सामान्य तौर पर एसडीआरएफ की पहली किस्त वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार जून में जारी की जाती है।

सामान्य प्रक्रिया की छूट देते हुए न केवल एसडीआरएफ की पहली किश्त को अग्रिम तौर पर जारी किया गया है बल्कि पिछले वित्त वर्ष में राज्यों को प्रदान की गई राशि के लिए उपयोग प्रमाण पत्र की प्रतीक्षा किए बिना यह रकम जारी की गई है। जारी की गई रकम के ५० प्रतिशत यानी ४,४३६.८ करोड़ रुपये तक का उपयोग राज्यों द्वारा कोविड-१६ की रोकथाम संबंधी उपायों के लिए किया जा सकता है।

एसडीआरएफ से प्राप्त रकम का उपयोग राज्यों द्वारा कोविड-१६ की रोकथाम से संबंधित विभिन्न उपायों के लिए किया जा सकता है।

## रेलवे ने राज्यों को कोविड केयर कोच उपलब्ध कराने की तैयारी की

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेल भारत सरकार के स्वास्थ्य संबंधी प्रयासों को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। भारतीय रेलवे द्वारा कुल ५६०१ रेल डिब्बों को कोविड केयर सेंटर के रूप में परिवर्तित किया गया था। वर्तमान में कोविड केयर कोच के रूप में उपयोग के लिए कुल ३८१६ कोच उपलब्ध हैं। इन कोचों का उपयोग बहुत हल्के मामलों के लिए किया जा सकता है जिन्हें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार चिकित्सकीय रूप से कोविड केयर केंद्रों को सौंपा जा सकता है। राज्य सरकार द्वारा मांग के अनुसार इन कोविड केयर कोचों की तैनाती की जा रही है। २४ अप्रैल २०२१ तक पश्चिम रेलवे के अंतर्गत महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में २१ कोविड केयर कोच तैनात किए गए हैं। इन कोविड केयर कोचों में कुल ४७ मरीज भर्ती किए गए हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने भारतीय रेलवे से भोपाल में २० कोविड केयर कोच और पश्चिम मध्य रेलवे के हबीबगंज रेलवे स्टेशन पर भी २० कोविड केयर कोच तैनात करने का अनुरोध किया है। उत्तर रेलवे में शकूर बस्ती में ५० कोविड केयर कोच, आनंद विहार में २५ कोविड केयर कोच, वाराणसी में १०, भदोही में १० और फैजाबाद में १० कोविड केयर कोच भारतीय रेलवे द्वारा तैनात किए गए हैं। शकूर बस्ती में रखे कोविड केयर कोचों में कुल ३ मरीज भर्ती किए गए हैं।

## रेलवे अपने अस्पतालों में भी लगाएगा ऑक्सीजन प्लांट



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन अपने सभी प्रमुख अस्पतालों में कोरोना के गंभीर मरीजों को ऑक्सीजन उपलब्ध कराने के लिए ऑक्सीजन प्लांट लगाएगा। उत्तर मध्य रेलवे के अफसरों के साथ बृहस्पतिवार दिनांक २२.०४.२०२१ को हुई वर्चुअल बैठक में महाप्रबंधक वीके त्रिपाठी ने कहा कि जिस तरह से कई राज्यों में ऑक्सीजन का संकट है इसको देखते हुए ऑक्सीजन संयंत्रों को आवश्यकतानुसार स्थापित किया जाए। जिसके बाद रेलवे ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। अभी फिलहाल प्रयागराज स्थित केंद्रीय चिकित्सालय में ही रेलवे का अपना खुद का ऑक्सीजन प्लांट है। वहीं अब रेलवे जल्द ही आगरा, झांसी और कानपुर स्थित अपने अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगाने की प्रक्रिया शुरू करेगा। साथ ही रेलवे के विभिन्न अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं को भी मजबूत किया जाए। इस दौरान महाप्रबंधक ने उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के दौरान भी जिस तरह से अफसर और रेलकर्मी काम कर रहे हैं वह प्रशंसनीय है।

## संक्रमण को रोकने के लिए मास्क का प्रयोग जरूरी-जिलाधिकारी



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वमी ने कोविड के प्रसार को रोकने के सम्बंध में बैठक की। व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि जो भी निर्देश आपकी तरफ से निर्गत होंगे, उसका पूरा-पूरा पालन व्यापार मण्डल करना सुनिश्चित करेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जीवन के साथ-साथ आजीविका भी जरूरी है, इसलिए हमें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि लोग सुरक्षित रहें और उनकी आजीविका भी चलती रहे। उन्होंने कहा कि कोरोना-२ के चेन को तोड़ना बेहद जरूरी है, इसके लिए कंटेनमेंट जोन को कड़ाई से लागू करना होगा, जिसके अन्तर्गत संक्रमित क्षेत्र को पूरी तरह से सील किया जायेगा और प्रभावित व्यक्ति के परिवार के किसी भी सदस्य का बाहर निकलना प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी ने व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों से मास्क क्रांति लाने के साथ-साथ ही बाजारों में भीड़ न लगने पायें, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी, एडीएम सिटी अशोक कुमार कनौजिया के साथ अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पूर्वोत्तर रेलवे के ओएस लोकनाथ चौबे का निधन

रे.स.ब्यू./सूत्र, वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे में ओएस एवं पूर्व राष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी लोकनाथ चौबे का वाराणसी में ३०.०४.२०२१ की देर रात निधन हो गया। सुंदरपुर स्थित एक निजी अस्पताल उनका इलाज चल रहा था। वहीं जिला वॉलीबाल संघ के सचिव सर्वेश पांडेय ने बताया कि लोकनाथ चौबे अपने पीछे पत्नी, बेटा और दो बेटियां को छोड़ गए हैं। लोकनाथ चौबे वाराणसी के महमूरगंज में अपने परिवार के साथ रहते थे।

## पेट के बल लेटने से दूर की जा सकती है ऑक्सीजन की कमी

रे.स.ब्यू./सूत्र। कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने के कारण कई संक्रमितों को अस्पताल ले जाने की जरूरत पड़ रही है। वहीं समय पर ऑक्सीजन न मिलने के कारण लोगों की सांसें भी थम जा रही हैं।

ऑक्सीजन की कमी को पेट के बल लेटकर भी दूर किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक मनोज खत्री के अनुसार होम आइसोलेशन में रह रहे मरीज अपने सोने की पोजीशन में थोड़ा बदलाव कर ऑक्सीजन की कमी को दूर कर सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इसके लिए पोस्टर भी जारी किया है। जिसमें लोगों को तरीके बताए गए हैं।

# पांच जुलाई को खुलेगा इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं कॉलेज

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं संबद्ध कॉलेजों में कोरोना की दूसरी लहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए चार मई से चार जुलाई तक ग्रीष्मावकाश घोषित कर दिया गया है। अब इविवि एवं कॉलेज नए शैक्षिक सत्र में ५ जुलाई को खुलेगें। कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में यह निर्णय शुक्रवार दिनांक ३०.०४.२०२१ को सभी डीन के साथ ऑनलाइन मोड में हुई बैठक में लिया गया। इस बाबत नोटिफिकेशन रजिस्ट्रार प्रो. एनके शुक्ल की ओर से जारी कर दिया गया है। ज्ञात हो कि इविवि प्रशासन ने बीते ६ अप्रैल को कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए नोटिफिकेशन जारी कर १० अप्रैल से ऑनलाइन मोड में चल रही सभी परीक्षाओं को स्थगित कर दिया था और परिसर को भी २१ अप्रैल तक के लिए बंद कर दिया गया था। कोविड के चलते विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों के १०० से अधिक शिक्षक एवं कर्मचारी कोरोना संक्रमित हो गए। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की पीआरओ डॉ. जया कपूर ने बताया कि कोविड संक्रमण को देखते हुए ग्रीष्मावकाश को पूर्व निर्धारित १५ मई से पूर्व स्थगित कर अब ४ मई से कर दिया गया है। विश्वविद्यालय एवं कॉलेज ५ जुलाई को खुलेगें। यह निर्णय कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की ओर से लिया गया है।

# जिले में एक दिन में सर्वाधिक १८ मौत

रे.स.ब्यूरो.। जिला प्रशासन की परेशानी कोरोना संक्रमण से हो रहीं मौतों ने बढ़ा दी है। मंगलवार दिनांक २७.०४.२०२१ को एक दिन में सर्वाधिक १८ लोगों की जान चली गई। सिर्फ अप्रैल महीने की बात की जाए तो अब तक २४६ मौतें हो चुकी हैं, जो संक्रमण काल में अब तक हुई मौत का लगभग ३८ फीसदी है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्थिति कितनी गंभीर हैं।

# लोक सेवा आयोग की दो परीक्षाओं पर लगा ब्रेक




रे.स.ब्यूरो./संवा। कोरना के प्रसार को देखते हुए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने मई में होने वाली दो परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। जिसमें व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के तहत २३ मई को प्रस्तावित प्रधानाचार्य श्रेणी २, उप प्रधानाचार्य व सहायक निदेशक (स्क्रीनिंग) परीक्षा २०१६ और ३० मई को प्रस्तावित सम्मिलित राज्य कृषि सेवा प्रारंभिक परीक्षा २०२० को स्थगित कर दिया गया है। अरविंद मिश्र, परीक्षा नियंत्रक के अनुसार इन परीक्षाओं की अगली तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

# नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार रोहित सरदाना



रे.स.ब्यूरो.नई दिल्ली। न्यूज चैनल के स्टार एंकर रोहित सरदाना का शुक्रवार दिनांक ३०.०४.२०२१ को हार्ट अटैक से निधन हो गया। रोहित सरदाना कोरोना वायरस से भी संक्रमित थे। सरदाना के निधन पर उनके साथ काम करने वाले साथी पत्रकारों से लेकर राजनेताओं ने शोक प्रकट किया है। उनके निधन की खबर से मीडिया जगत से लेकर राजनीतिक जगत तक में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि आज तक न्यूज चैनल में काम करने से पहले रोहित सरदाना जी न्यूज के एंकर थे। इसके बाद शोक की लहर दौड़ गई। प्रधानमंत्री सहित केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और कई मंत्रियों ने रोहित सरदाना के निधन पर दुख जताया है। गृहमंत्री ने ट्वीट किया, रोहित सरदाना जी के असामयिक निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। राष्ट्र ने एक बहादुर पत्रकार खो दिया, जो हमेशा निष्पक्ष रिपोर्टिंग के लिए खड़ा था।

# ड्राइविंग लाइसेंस बनाने पर १५ मई तक रोक

रे.स.ब्यूरो.। कोरोना संक्रमण को देखते हुए ड्राइविंग लाइसेंस अब १५ मई तक नहीं बनेगा। जिस स्लॉट पर डीएल बनाने के लिए आवेदन किया जाता है, वह बंद कर दिया गया है। बतादें कि पूर्व में संकट बढ़ते देखकर पहले २३ मई से १ मई तक के लिए डीएल बनाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई गई थी, लेकिन अब इसे और २ सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया है। डीएल बनाने की प्रक्रिया १५ मई से शुरू होगी। एआरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा के अनुसार जो आवेदन लोगों ने किए हैं उनको मैसेज कर निर्धारित तिथि पर बुलाया जाएगा।

# मुंबई के लिए ३१ जुलाई तक चलेगी स्पेशल ट्रेन



रे.स.ब्यूरो.। रेल प्रशासन ने रेल यात्रियों की सुविधा को देखते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनल (मुंबई) के लिए प्रयागराज के रास्ते एक और स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन का संचालन कानपुर सेंट्रल से सात मई से शुरू होगा, जो ३० जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। इसी तरह मुंबई से स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार आठ मई से ३१ जुलाई तक चलेगी। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि कानपुर से दिन में ३.४५ बजे यह ट्रेन चलेगी जो शाम ६.१०-६.१५ बजे प्रयागराज जंक्शन एवं अगले दिन दोपहर २.५५ बजे मुंबई पहुंच जाएगी। इसी तरह मुंबई से शाम ५.१५ बजे चलने के बाद अगले दिन दोपहर १२.५५-१.०० बजे ट्रेन प्रयागराज जंक्शन और ३.२५ बजे कानपुर पहुंचेगी। उन्होने बताया कि २३ कोच की इस ट्रेन में स्लीपर के आठ, एसी थ्री के सात, एसी टू का एक, सामान्य श्रेणी के पांच एवं एसएलआर श्रेणी के दो कोच रहेंगे।

# केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे में हेल्प-डेस्क की शुरुआत

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। केन्द्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे को L-२ कोविड चिकित्साजलय के रूप में परिवर्तित किया गया है। इसी क्रम में कोविड-१६ मरीजों की लगातार संख्या बढ़ने के दृष्टिगत केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में भर्ती मरीजों की स्थिति तथा उनसे संबंधित समस्त जानकारी उनके परिजनों को प्रदान करने के लिए कोविड हेल्पत-डेस्क को कार्यान्वित किया गया है। यह हेल्पडेस्क सुबह ०६.०० से रात १०.०० तक कार्य करेगी। कोविड हेल्प-डेस्क नं.- 8173006779 है।

# राज्यों को राहत पहुंचाने के लिए दौड़ रही है ऑक्सीजन एक्सप्रेस




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेलवे का राज्यों को राहत पहुंचाने के क्रम में ऑक्सीजन एक्सप्रेस अभियान लगातार जारी है और यह अभियान महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली के बाद अब हरियाणा और तेलंगाना के लिए भी शुरू कर दिया गया है। संकट की इस घड़ी में राज्यों को उनकी आवश्यकता के अनुसार ऑक्सीजन ढुलाई से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भारतीय रेलवे पूरी तत्परता से काम कर रहा है। रेलवे ऑक्सीजन एक्सप्रेस को तेज गति से चलाने और राज्यों को उनकी मांग के अनुसार ऑक्सीजन की डिलिवरी सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव विकल्पों का उपयोग कर रहा है। रेलवे द्वारा पहुंचाए जा रहे अ,क्सीजन का उपयोग राज्य सरकारों द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है। तरल ऑक्सीजन की आपूर्ति को लेकर कई बधाएं भीं हैं, जिसमें क्रायोजेनिक टैंकर्स की उपलब्धता, इन्हें लेकर चलने वाली रेलगाड़ियों की अधिक या कम रफ्तार, इन्हें उतारने के लिए उपयुक्त प्रबंध इत्यादि शामिल हैं। साथ ही मार्गो में कई आरयूबी और एफओबी भी आते हैं।

# आर.पी.एफ उत्तर मध्य रेलवे के ०७ सदस्य महानिदेशक द्वारा सम्मानित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे में रेल सुरक्षा बल कर्मियों द्वारा लाकडाउन के दौरान असहाय और मुश्किल में फँसे व्यक्तियों को तत्परता के साथ भोजन उपलब्ध कराने, रेलवे स्टेशनों और श्रमिक स्पेशल गाड़ियों में १३ शिशुओं की सुरक्षित डिलीवरी में महत्वपूर्ण मदद इत्यादि जैसे अनेक सराहनीय कार्य किए गए। वर्ष २०२०-२१ के दौरान रेल सुरक्षा बल कर्मियों ने न केवल टिकट की धोखाधड़ी में संलिप्त ११३ व्यक्तियों और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले २८ व्यसक्तियों को गिरफ्तार किया, बल्कि लगभग २०० बच्चों को उनके परिजनों के साथ फिर से मिलवाने तथा कई बार, खोई हुई वस्तुओं को उनके मालिकों को सुरक्षित सौंपने जैसे अन्यं सराहनीय कार्य किए हैं। इसी क्रम में वर्तमान में रेलवे बोर्ड में उत्तर मध्य रेलवे की इस कर्तव्यनिष्ठ टीम के निरीक्षक सहित कुल ०७ बल सदस्य प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है। इन सभी बल सदस्यो को महानिदेशक/रेल सुरक्षा बल /रेलवे बोर्ड द्वारा कुल रूपये १६,००० के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। इन उपलब्धि पर प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रवींद्र वर्मा ने बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## ऑक्सीजन आपूर्ति की सरकार नियमित रूप से कर रही है निगरानी:निर्मला सीतारमण



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। देश भर में कोविड-१९ महामारी के मामलों में हाल में हुई वृद्धि के मद्देनजर कोरोनावायरस से प्रभावित लोगों को ऑक्सीजन, टीके और अन्य आवश्यक सुविधाओं के साथ इसके प्रचालन तंत्र को सुनिश्चित किया जा रहा है। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामले की मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिनांक २२.०४.२०२१ को पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित एक आभासी सत्र के दौरान इस संदर्भ में जानकारी दी।

वित्तमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं प्रख्यात चिकित्सकों और वैक्सीन निर्माताओं के साथ स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा वैक्सीन निर्माताओं के लिए अग्रिम समर्थन को बढ़ाया जा रहा है और कोरोनोवायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान को और आगे बढ़ाते हुए १८ वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए १ मई २०२१ से टीकाकरण की अनुमति दे दी गई है।

## संगम पर डुबकी लगाने से भी लोग कर रहे परहेज

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोविड-१९ के संक्रमण की दूसरी लहर ने इस तरह डर पैदा कर दिया है कि संगम से चहल-पहल गायब हो गई है। जिस संगम में डुबकी लगाने से सनातनधर्मियों का जीवन धन्य हो जाया करता था, वहीं अब संक्रमण फैलने के डर से लोग त्रिवेणी तट पर स्नान से हिचकने लगे हैं। वहीं अब भीड़ से भरे रहने वाले संगम पर अब गिनती के ही लोग नजर आ रहे हैं। नाविकों का कारोबार भी स्नानार्थियों की तादाद घटने से जहां बुरी तरह ठप पड़ गया है, वहीं तीर्थपुरोहितों की चौकियां खाली पड़ गई हैं। कोरोना काल में तीर्थपुरोहितों, नाविकों, फेरी वालों और पूजा-प्रसाद की सामग्री बेचने वालों की जीविका पर भी प्रभावित हो गई है। संगम पर अब अस्थि विसर्जन या फिर ऐसे ही जरूरी कार्यों के लिए लोग नजर आ रहे हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में प्रदूषण की वजह तलाशेगा आईआईटी कानपुर



रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी को प्रदूषण की वजह अब आईआईटी कानपुर तलाशेगी। इसके लिए वाराणसी के अलग-अलग इलाकों में वैज्ञानिकों ने सेंसर व उपकरण लगाकर मॉनीटरिंग शुरू कर दी है। वैज्ञानिकों की टीम पांच वर्षो तक हवा के डाटा को संग्रहित कर एक रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके बाद केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आईआईटी की रिपोर्ट के आधार पर न सिर्फ पूरी जानकारी केंद्र सरकार के साथ साझा करेगा बल्कि प्रदूषण से निपटने की कार्ययोजना भी बनाएगा।

बोर्ड ने आईआईटी कानपुर के साथ समझौता कर नई योजना तैयार करने की पहल की है। इसके लिए आईआईटी कचहरी, लहुराबीर, चांदपुर आदि में मशीन स्थापित कर वायु की गुणवत्ता मापने का काम शुरू कर दिया है।

## बाजार से गायब हुआ पल्स ऑक्सीमीटर



रे.स.ब्यूरो./संवा। जहां कोरोना संकट में अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी हुई वहीं अब बाजार से पल्स ऑक्सीमीटर भी गायब हो गए। वहीं दुकानदारों का कहना है कि मांग ज्यादा होने के कारण निर्माता कंपनियां आपूर्ति नहीं दे पा रही हैं इस कारण पल्स ऑक्सीमीटर की कमी हो रही है। कोविड १९ की दूसरी लहर अधिक संक्रामक होने के कारण मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जागरूक लोग कोरोना संक्रमण की जांच रक्त में ऑक्सीजन की मात्र जांच के जरिए भी कर रहे हैं। ऐसे में पल्स ऑक्सीमीटर और डिजिटल थर्मामीटर की मांग बढ़ गई है।

## ऑक्सीजन आपूर्ति पर छोटे जिलों में भी ध्यान दें अधिकारी-सीएम योगी



रे.स.ब्यूरो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ऑक्सीजन की आपूर्ति और बेहतर किये जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्होने कहा कि लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी जैसे अधिक संक्रमण वाले जिलों में स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार दिनांक ३०.०४.२०२१ को अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक में कहा कि किसी भी मेडिकल कॉलेज, अस्पताल में ऑक्सीजन का अनावश्यक उपयोग न हो। उद्योग जगत से भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। ऑक्सीजन टैंकरों की उपलब्धता बढ़ाए जाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। विदेश से भी टैंकरों की आपूर्ति है।

## भारत दुनिया में सबसे कम मृत्यु दर वाले देशों में से एक: डॉ. हर्ष वर्धन



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने दिनांक २६.०४.२०२१ को लेडी हॉर्डिग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली का दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध कोविड सुविधाओं और इन्हें आगे और मजबूत बनाने के प्रयासों का व्यापक जायजा लिया। फिर केन्द्रीय मंत्री ने टीकाकरण केन्द्र का दौरा किया, जहां उन्होंने व्यवस्थित और अनुशासित तरीके से लोगों के टीकाकरण की दिशा में अस्पताल के प्रयासों की प्रशंसा की। डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि पिछले एक महीने के दौरान मामले तेजी से बढ़े हैं, लेकिन लोग उसी गति से ठीक भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे कम मृत्यु दर वाले देशों में से एक है, लेकिन हर मौत दुखद और पीड़ादायक होती है।

## कोरोना के सामान्य लक्षण में बेहद कारगर है आयुष-६४

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। एक तरफ जहां कोरोना संक्रमण का प्रसार लगातार बढ़ता जा रहा है, वहीं आयुष मंत्रालय ने कहा है कि कोविड १९ के हल्के और मध्यम स्तर वाले मरीजों के उपचार के आयुष ६४ नामक आयुर्वेदिक दवा बेहद कारगर साबित हो रही है।

पुणे के सेंटर फॉर रूमेटिक डिसीज के निदेशक और आयुष मंत्रालय के आयुष मंत्रालय-सीएसआईआर सहयोग के मानद मुख्य नैदानिक समन्वयक डॉ. अरविंद चोपड़ा ने कहा कि हल्के से मध्यम मामलों का उपचार करने के लिए आयुष-६४ को मानक चिकित्सा के सहायक के रूप में प्रभावी और सुरक्षित दवा के रूप आयुष ६४ नामक आयुर्वेदिक दवा को इस्तेमाल किया जा सकता है।

## कोविड के बावजूद लगातार आठवें महीने ढुलाई के पिछले रिकॉर्ड टूटे

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेलवे के लिए अप्रैल २०२१ में माल ढुलाई और उससे हुई आय के आंकड़े लगातार बढ़ते रहे हैं। रेलवे ने वर्ष २०१९-२० के सामान्य वित्त वर्ष की तुलना में २०२१-२१ के दौरान १० प्रतिशत अधिक रिकॉर्ड माल ढुलाई की है। इससे पहले किसी भी अप्रैल महीने में सर्वश्रेष्ठ माल ढुलाई अप्रैल २०१९ में १०१.०४ मीट्रिक टन रही है। मिशन मोड में भारतीय रेलवे ने अप्रैल, २०२१ में भारतीय रेलवे ने १११.४७ मिलियन टन माल की ढुलाई की है जिसमें ५१.८७ मिलियन टन कोयला,१४.८३ मिलियन टन लौह अयस्क, ३.४७ मिलियन टन खाद्यान्न,२.५३ मिलियन टन उर्वरक,३.५८ मिलियन टन खनिज तेल,७.१ मिलियन टन सीमेंट( क्लिंकर को छोड़कर) और ४.८८ मिलियन टन क्लिंकर शामिल है। अप्रैल २०२१ में भारतीय रेलवे को माल ढुलाई से ११९६३.६३ करोड़ रूपये की आय हुई। माल ढुलाई को अत्यधिक आकर्षक बनाने के लिए भारतीय रेलवे की ओर से कई तरह की रियायतें भी दी जाती हैं।

माल ढुलाई में हुए इस सुधार को संस्थागत बनाया जाएगा और इसे आने वाली शून्य आधारित समय सारिणी में भी शामिल करके इसी नए स्तर पर रखा जाएगा। भारतीय रेलवे ने कोविड १९ का उपयोग अपनी चहुंमुखी कार्यक्षमता और प्रदर्शन में सुधार के लिए एक अवसर के रूप में किया।

# राजनीति से ऊपर उठकर सहयोग करें राजनीतिक दल-मायावती



रे.स.ब्यू./सूत्र। बसपा सुप्रीमो मायावती ने ट्वीट कर अपील की है कि देश में १८ वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाने का कार्यक्रम शुरू हो रहा है। देश की सभी सरकारें इस अभियान को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सफल बनाने के लिए सामने आएं। मायावती ने कहा कि इस कोरोना वैक्सीन प्रोग्राम में देश के बड़े-बड़े पूंजीपतियों को भी काफी बढ़-चढ़कर जरूर भाग लेना चाहिए तथा उसी प्रकार की उदारता के साथ इनको केन्द्र व राज्य सरकारों की मदद करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने उद्योगपतियों से भी इस अभियान में मदद करने की अपील की है। उन्होंने ट्वीट किया कि देश में १८ वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाए जाने के आज से प्रारंभ हुए कार्यक्रम को सभी सरकारें दलगत राजनीति एवं स्वार्थ आदि से ऊपर उठकर पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ सफल बनाने के लिए आपसी सहयोग हेतु खुलकर सामने आएं, देश व आमजन की यही अपेक्षा है।

# नहीं रहे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक प्रकाश कुमार पंकज



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक प्रकाश कुमार पंकज का दिनांक ०१.०५.२०२१ को नई दिल्ली में कोविड संक्रमण के कारण निधन हो गया। वह ५१ वर्ष के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। पी.के पंकज ने एनआईसी में अपने करियर की शुरुआत एनआईसी मुख्यालय से मार्च १९९३ में वैज्ञानिक बी के रूप में की और अपने निधन से पूर्व वह सूचना और प्रसारण मंत्रालय और इससे जुड़े संगठनों (आरएनआई, प्रकाशन प्रभाग) में कार्यरत थे। उन्होंने एनआईसी की कई परियोजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रकाश कुमार पंकज का स्मरण राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के एक मेधावी,समर्पित और निष्ठावान अधिकारी के रूप में हमेशा किया जाएगा।

**लेखकों से**

राष्ट्रीय, सामाजिक, फिल्म, व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों से भेजें।

प्रधान सम्पादक



जिलाधिकारी प्रयागराज भानु चन्द्र गोस्वामी ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सैनेटाइजेशन, साफ-सफाई के कार्यो का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर नगर आयुक्त रवि रंजन भी मौजूद रहे।

# यात्रियों की संख्या कम होने से निरस्त हुई शताब्दी समेत अन्य ट्रेन

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। कोविड संक्रमण के बढ़ते प्रसार से ट्रेनों में यात्रियों की संख्या भी कम होने लगी है। वहीं भीड़ कम होने की वजह से अधिक नहीं है उस रूट की ट्रेनों को निरस्त भी कर रहा है। जिनमे मुख्य रूप से नई दिल्ली-आगरा इंटरसिटी, गतिमान, शताब्दी शामिल है। इसके अलावा १ मई से ट्रेन संख्या १२०४६/१२०५० झांसी-हजरत निजामुद्दीन-झांसी गतिमान ट्रेन भी निरस्त रहेगी। यह देश की सबसे पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन है। वहीं एक मई से ही नई दिल्ली-अमृतसर-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस भी निरस्त रहेगी। रविवार से ट्रेन संख्या ०२०४६/०२०४५ चंडीगढ़-नई दिल्ली-चंडीगढ़ शताब्दी ट्रेन निरस्त रहेगी तो एक मई से ट्रेन संख्या ०४५२७ /०४५२८ कालका-शिमला-कालका ट्रेन को भी निरस्त कर दिया गया है।

# अजीत कुमार सिंह ने अपर मण्डल रेल प्रबंधक/सामान्य का कार्यभार किया ग्रहण



रे.स.ब्यूरो। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल मे अपर मण्डल रेल प्रबंधक/सामान्य, का कार्यभार अजीत कुमार सिंह ने दिनांक ०७.०५.२०२१ को ग्रहण कर लिया। बतादें कि यह पद अनुराग अग्रवाल के उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय में स्थानांतरित होने से रिक्त हुआ था। अजीत कुमार सिंह भारतीय रेल यांत्रिक इजीनियरिंग सेवा २००१ बैच के अधिकारी हैं और इससे पूर्व वे मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे के पद पर कार्यरत थे। मूल रूप से मीरजापुर के निवासी अजीत कुमार सिंह ने भारतीय रेल सेवा को शुरू करने के पूर्व एम.एन.एन.आई.टी. प्रयागराज से अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। सिंह के मार्गदर्शन व निर्देशन में जनसम्पर्क विभाग ने कई उपलब्धियां हासिल की जिनमें उत्तर मध्य रेलवे को, जुलाई २०१६ में अम्बाला में आयोजित ६४वां,राष्ट्रीय रेल समारोह एवं प्रदर्शनी सह रेल मेला २०१६ में "बेस्ट इनोवेशन आईडिया में प्रथम व ओवर आल बेस्ट स्टाल में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में कुम्भ २०१६ की सम्पूर्ण गाथा को एक "कॉफी टेबल बुक कुम्भ २०१६ रेल टू मेला" में पिरोने ने कार्य को भी सिंह ने अपनी जनसम्पर्क की टीम के साथ बड़ी बखूबी से निभाया।

# रनिंग कर्मियों के लिए संगोष्ठी आयोजित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लोको पायलटों में आत्मविश्वास एवं सतर्कता बनाये रखने के लिये वेबिनार का आयोजन किया गया। दिनांक ०६.०५.२०२१ को कोरोना महामारी के बीच रेल संचालन में अग्रणी रनिंग कर्मियों को विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्य से स्वस्थ व तनाव रहित रहने के टिप्स दिए गए। वेबेक्स के माध्यम से आयोजित संगो"ठी में चिकित्सक पैनल के डाक्टर डा. शशि भूषण उपाध्याय (एलोपैथ), डा. यू. के. श्रीवास्तव (हौम्योपैथ), डा० कमलेश तिवारी (मनोचिकित्सक)ने संबोधित किया। ग्रुप संगोष्ठी में कर्मचारियों को दवाओं के विषय में, कोरोना संक्रमण से बचाव, कोरोना होने पर सावधानी व पोस्ट कोविड पेशेन्ट की दिनचर्या पर चर्चा की गयी। इस संगोष्ठी में अधिकारी व कर्मचारी को मिलाकर लगभग ३०० लोगों ने भाग लिया। इस दौरान चिकित्सकों ने स्वस्थ जीवन परिकल्पना के तहत तमाम अफवाहों एवं भ्रम को तार्किक रूप से दूर करते हुये खान-पान, नियमित दिनचर्या, भौतिक दूरी, मास्क, सैनिटाइजर पर विशेष बल दिया।

# नामित पार्षद ने किया कोविड गाइड लाइन का उलंघन, मुकदमा

रे.स.ब्यूरो। अपने दोस्त की जन्मदिन पार्टी में धमाल मचाना भाजपा के नामित पार्षद अनूप मिश्र को महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया पर रविवार दिनांक ०६.०५.२०२१ को उनका वीडियो वायरल हो गया। जिसमें कोई भी युवक मास्क नहीं पहने था। जिसके बाद आला पुलिस अफसरों के आदेश पर रविवार को अतरसुइया पुलिस ने पार्षद व उनके दोस्तों के खिलाफ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करना और महामारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बतादें कि चौधरी गार्डेन के पास रहने वाले गौरव मिश्र नेशनिवार रात जन्मदिन मनाते हुए गाड़ी के बोनट पर दो केक रखकर काटे और हुल्लड़बाजी के साथ जन्मदिन मनाया और फेसबुक पर वीडियो लाइव किया था। चौकी इंचार्ज ने बताया कि इस मामले में नामित पार्षद अनूप, ईशु, अग्रवाल गौरव मिश्र, बाबू अग्रवाल और कुलदीप तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# मदर्स डेः मां के लिए बच्चों ने बनाए ग्रीटिंग कार्ड्स



प्रयागराज। मदर्स डे के अवसर पर कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से मातृ'शक्ति को नमन किया। बच्चों ने महामारी के कारण अपने घर से ही विभिन्न गतिविधियों में ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया। कक्षा-१ से ५ तक के बच्चों ने रंग-बिरंगे ग्रीटिंग कार्ड बनाकर मां को समर्पित किया। कक्षा-६ से १२ तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। बच्चों ने मां के साथ फोटो खींचकर मां के प्रति प्रेमभावना को व्यक्त किया।

## महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने की कोविड-१६ की समीक्षा

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों के साथ महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिनांक ०३.०५.२०२१, उत्तर मध्य रेलवे पर कोविड -१६ स्थिति की समीक्षा की। उत्तर मध्य रेलवे कोविड-१६ से अपने कार्यबल की रक्षा करते हुए सुरक्षित और कुशल ट्रेन संचालन को निर्बाध रूप से बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय कर रहा है। वहीं भारतीय रेल द्वारा रो-रो तथा कंटेनर रेक के माध्यम से तरल मेडिकल ऑक्सिजन के त्वरित परिवहन सुनिश्चित करने की दिशा में उत्तर मध्य रेलवे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हैं।



उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मण्डल एवं मुख्यालय की सतत निगरानी से ऑक्सिजन एक्सप्रेस का उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र पर ५५ किमी/घंटा से अधिक की औसत गति पर निर्बाध संचालन हो रहा है। समाचार लिखे जाने तक ०६ लोडेड ट्रेन के माध्यम से १५ तरल मेडिकल ऑक्सिजन से भरे हुए टैंकर एवं कंटेनर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पहुंचाए गए हैं।

वहीं उत्तर मध्य रेलवे ने ४५ वर्ष से ऊपर आयु के रेलकर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों का टीकाकरण अभियान तेज करने के साथ साथ ४५ वर्ष से कम आयु के पात्र रेलकर्मियों एवं उनके परिवार के सदस्यों का टीकाकरण प्रारंभ कर दिया है।

> हिन्दी का काम राष्ट्रभाषा का ही काम नहीं बल्कि राष्ट्रीयता का काम और राष्ट्रीय एकता का काम है।
> डॉ. शकर दयाल शर्मा
> भू० पू० भारत के राष्ट्रपति

## डा. शिवम शर्मा बने उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी



रे.स.ब्यूरो। डॉ.शिवम शर्मा ने उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी का पदभार दिनांक ०६.०५.२०२१ को ग्रहण कर लिया। शिवम शर्मा २०११ सिविल सेवा बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा(IRTS) के अधिकारी हैं,वहीं इससे पूर्व डॉ. शिवम शर्मा उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (योजना) का दायित्व निभा रहे थे। मूलतः अलीगढ़ के रहने वाले डॉ. शिवम अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के स्नातक हैं। उन्होंने अपनी दन्त चिकित्सा मे स्नातक की पढ़ाई जे एन मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से पूरी की है। डॉ. शिवम शर्मा उत्तर मध्य रेलवे में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रह चुके हैं जिसमें मंड्ल यातायात प्रबंधक, टूण्डला, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक(योजना)/प्रयागराज मंडल एवं उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक(दावा)/ प्रमुख हैं। मंड्ल यातायात प्रबंधक, टूण्डला के रूप में उन्होंने कई महत्वपूर्ण कार्यो जैसे अलीगढ़, टूण्डला, दादरी, खुर्जा स्टेशनों की यार्ड रेमोडलिंग एवं सौंदर्यीकरण कार्यो का निष्पादन किया।

## मरीजों को अस्पताल के लिए, तय हुआ एम्बुलेंस का किराया

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना में एम्बुलेंस संचालकों की मनमानी पर अब लगाम लगेगी। मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी ने एम्बुलेंस के रेट तय करा दिए हैं। महामारी अधिनियम के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने नई रेट लिस्ट जारी कराई है। वहीं डीएम ने मनमानी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। नई रेट लिस्ट में बिना ऑक्सीजन सपोर्ट वाली एम्बुलेंस के लिए १० किलोमीटर के दायरे में एक हजार रुपये देना होगा, इसके बाद प्रति किलोमीटर १०० रुपये की दर से भुगतान करना होगा।

ऑक्सीजन सपोर्ट वाली एम्बुलेंस के लिए १५०० रुपये १० किलोमीटर तक देना होगा, इसके अतिरिक्त प्रति किलोमीटर १०० रुपये भुगतान करना होगा। वेंटिलेटर सपोर्ट वाली एम्बुलेंस के लिए १० किमी के दायरे में २५०० रुपये, इसके बाद प्रति किमी २०० रुपये की दर से भुगतान करना होगा।

अधिक वसूली की शिकायत पर पुलिस हेल्पलाइन नंबर ११२, कंट्रोल रूम नंबर 07447179060 या 9649418686 पर कॉल किया जा सकता हैं।

## रेलवे ने कानपुर पहुंचाई 80 टन प्राणवायु




रे.स.ब्यूरो। भारतीय रेल कोविड के खिलाफ लड़ाई में अपने योगदान को जारी रखते हुए, कानपुर नगर और आस-पास के क्षेत्र में कोरोना रोगियों के चिकित्सा उपयोग के लिए ८० टन लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन कानपुर पहुंचाई। लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन के चार टैंकरों वाली ऑक्सीजन एक्सप्रेस शनिवार शाम ०८.०५.२०२१ को दुर्गापुर पश्चिम बंगाल से चली थी। भारतीय रेल की सघन म,निटरिंग एवं सुरक्षा के साथ यह ट्रेन दिनांक ०६.०५.२०२१ रविवार को १०:०५ बजे जीएमसी यार्ड कानपुर पहुंची। रेलवे स्टाफ इस ट्रेन के इनलैंड कंटेनर डिपो कानपुर आगमन के लिए पहले से ही पूर्णतः तैयार था और एरिया कंट्रोल रूम जीएमसी से एस के गौतम वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक/जीएमसी द्वारा इस ट्रेन के मूवमेंट की मॉनिटरिंग की गई। कड़ी सुरक्षा के बीच रेक को आई सी डी/जी के अंदर लिया गया और अनलोड भी कर दिया गया। इस दौरान औद्योगिक विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश सतीश महाना अनलोडिंग स्थल पर उपस्थित थे और उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों से बातचीत की। वहीं कानपुर के उप मुख्य यातायात प्रबंधक हिमांशु शेखर उपाध्याय और सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता कानपुर विकास केसरी पूरे अनलोडिंग ऑपरेशन के दौरान मौजूद रहे और सुनिश्चित किया कि किसी प्रकार का विलंब ना हो। पूरी रेक को अनलोड करने के बाद, लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन को ए डी एम सिटी कानपुर अतुल कुमार को सौंप दिया गया। बतादें कि उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र में आने और अनलोड होने वाली यह पहली ऑक्सीजन एक्सप्रेस है।

## बीएचयू के पुरा छात्र ने नि:शुल्क दिए आक्सीजन कंसंट्रेटर

रे.स.ब्यू./सूत्र.वाराणसी। ऑक्सीजन कोरोना महामारी की इस दूसरी लहर में सबसे जरूरी तत्व बन गई है। वहीं ऑक्सीजन के लिए गंभीर मरीजों के परिजनों को एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है।

वहीं आईआईटी बीएचयू के छात्र रहे अनिरुद्ध मिश्र जो कि लंदन में बड़े उद्योगपतियों में शुमार हैं उन्होने भारत के लिए १५० ऑक्सीजन कंसंट्रेटर नि:शुल्क उपलब्ध कराए हैं।

इनमें से ४० कंसंट्रेटर बनारस को दिए गए हैं। दिनांक १०.०५.२०२१ सोमवार को वाराणसी में उनके सहयोगी अतुल राय ने ये कंसंट्रेटर जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा को सौंपे। अतुल ने बताया कि अनिरुद्ध ने आईआईटी बीएचयू से पढ़ाई करने के बाद लंदन में आईएमआर कंपनी स्थापित की और कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ते गए।

## उत्तर मध्य रेलवे को मिलेंगे १० ऑक्सीजन कनसंट्रेटर



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। केंद्रीय अस्पताल प्रयागराज और झाँसी में कोविड अवसंरचना को मजबूत करने के लिए, महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे वी.के. त्रिपाठी ने रेलवे बोर्ड से ऑक्सीजन कनसंट्रेटर की मांग की थी, इसके अनुक्रम में १० ऑक्सीजन कनसंट्रेटर को उत्तर मध्य रेलवे के लिए आवंटित किया गया है।

उत्तर मध्य रेलवे को शकूरबस्ती स्टोर्स डिपो से १० लीटर क्षमता के १० ऑक्सीजन कनसंट्रेटर प्राप्त हो रहे हैं। मिशन ऑक्सीजन के तहत एक पहल के रूप में, प्लासेर इंडिया लिमिटेड ने अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉनसिबिलटी के हिस्से के रूप में शकूरबस्ती रेलवे स्टोर्स डिपो को ७० ऑक्सीजन कनसंट्रेटर प्रदान किए है। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज में महामारी से संघर्ष में केंद्रीय रेलवे अस्पताल उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। केंद्रीय अस्पताल प्रयागराज और मंडलीय चिकित्सालय झांसी दोनों को कोविड रोगियों के लिए लेवल २ अस्पतालों के रूप में नामित किया गया है।

ये अस्पताल रेलवे के साथ-साथ गैर-रेलवे रोगियों को कोविड संक्रमण के संबंध में चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रहे हैं। ये १० ऑक्सीजन कनसंट्रेटर रेलवे अस्पताल झांसी और प्रयागराज प्रत्येक को ५-५ समान रूप से उपलब्ध कराए जाएंगे। डॉ.आनंद टंडन (पीसीएमडी) ने बताया कि उत्तर मध्य रेलवे कोविड के खिलाफ स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहा है।

## संकट की घड़ी में हमें साकारात्मक रहने की जरूरत-मोहन भागवत



रे.स.ब्यूरो। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है देश के सभी नागरिकों को अपने सभी भेदभाव भूलकर एक टीम की तरह काम करने की जरूरत है। कोरोना महामारी के बीच देश मुश्किल दौर से गुजर रहा है। लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि हम लोग कोरोना से जरूर जीतेंगे। शनिवार दिनांक १५.०५.२०२१ को उन्होने कहा कि इस संकट की घड़ी में हमें साकारात्मक रहने साथ सभी सावधानियां बरतनी होंगी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किए गए हम जीतेंगे पॉजिटिविटी अनलिमिटेड के तहत पांच दिवसीय व्याख्यानमाला के अंतिम दिन बोल रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि हमें वर्तमान परिस्थितियों में तर्कहीन बयान देने से बचना चाहिए। भागवत ने कोविड-१६ के हालात पर कहा कि यह हमारी परीक्षा का समय है, लेकिन हमें एकजुट रहना होगा और एक टीम की तरह कार्य करना होगा।

## गंगा में मिले कोरोना मरीजों के शवों का हो अंतिम संस्कार-केंद्र सरकार



रे.स.ब्यू./नई दिल्ली। कोरोना वायरस से संक्रमित संदिग्ध मरीजों के शवों के मामले में केंद्र ने राज्यों को मंगलवार दिनांक ११.०५.२०२१ को निर्देश दिया कि राज्य सरकारें गंगा नदी में मिले शवों का नियमों के अनुसार अंतिम संस्कार करवाए। सबसे पहले बिहार के बक्सर में सोमवार को गंगा नदी में कई शव मिले थे। वहीं राज्य सरकार का दावा है कि ये सभी शव उत्तर प्रदेश से बहकर आएं हैं। मंगलवार दिनांक ११.०५.२०२१ को बिहार सरकार ने कहा कि बक्सर जिले में गंगा से अबतक कुल ७३ शव निकाले गए हैं जिनके कोरोना वायरस के संदिग्ध मरीजों के शव होने की आशंका जताते हुए यह संभावना जतायी जा रही है कि संभवतः अंतिम संस्कार नहीं करके उन्हें गंगा नदी में प्रवाहित कर दिया गया होगा। बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने ट्वीट में बक्सर जिले गंगा नदी में मिलने की चर्चा करते हुए कहा कि ४-५ दिन पुराने क्षत-विक्षत ये शव पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से बहकर बिहार आए हैं। वहीं उन्होने कहा था कि हमने उत्तरप्रदेश प्रशासन को सतर्क रहने की सलाह भी दी है। हमारा प्रशासन भी सतर्कता बरत रहा है।

## दिल्ली में सुधर रहे कोरोना के हालातः केजरीवाल



रे.स.ब्यूरो.नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के हालात सुधर रहे है, लेकिन कोरोना के खिलाफ जंग लगातार जारी रखे हैं और ये जंग जल्दी ही जीतेंगे। वहीं उन्होने ऐलान किया कि कोरोना काल में हुए अनाथ बच्चों की पढ़ाई और परवरिश का सारा खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी। उन्होने कहा कि इस मुश्किल वक्त में आप की सरकार आपके साथ खड़ी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ऐसे सभी परिवार जिनमें कमाने वाले व्यक्ति की मौत हो गई है सरकार उनकी भी आर्थिक मदद भी करेगी। जो कि दिल्लीवालों के लिए राहत की खबर है। कोरोना का ग्राफ यहां लगातार तेजी से नीचे आ रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार दिनांक १४.०५.२०२१ को कहा कि बीते २४ घंटे में लगभग दिल्ली में ८,५०० नए कोरोना के केस सामने आए हैं और पॉजिटिविटी रेट भी घटकर १२% हो गया है।

## कोरोना को १०३ साल के स्वतंत्रता सेनानी ने दी मात

रे.स.ब्यू./सूत्र,नई दिल्ली। जाने-माने गांधीवादी और स्वतंत्र सेनानी दोरईस्वामी ने १०३ साल की उम्र में कोरोना को मात दे दी है है। जहां एक तरफ कोरोना वायरस की दूसरी लहर से कोहराम मचा हुआ है तो दूसरी ओर कुछ ऐसी भी खबरें सामने आई हैं जो मरीजों को साहस देने का काम करती हैं। मामला कर्नाटक का है जहां पर, १०३ साल के जाने-माने गांधीवादी और स्वतंत्रता सेनानी दोरईस्वामी ने १०३ साल की उम्र में कोविड से लड़ाई जीत ली है। एक अखबार के मुताबिक बुजुर्ग दोरैस्वामी ने कहा, मुझे पांच दिन पहले लक्षण महसूस हुए लेकिन कोई परेशानी नहीं हुई। फिर भी मैंने अस्पताल में भर्ती होने का निर्णय लिया, क्योंकि मुझे सांस संबंधी समस्या है।

## भारी पड़ सकती है कोरोना की तीसरी लहर - निदेशक एम्स



रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। देश इस वक्त कोरोना का प्रकोप झेल रहा है, वहीं एम्स के निदेशक डॉ.रणदीप गुलेरिया ने बताया कि जल्द से जल्द अगर कोरोना की इस चेन को नहीं तोड़ा गया तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। थोड़ी सी भी लापरवाही से देश कोरोना की तीसरी लहर का सामना करना पड़ सकता है। एक हिंदी समाचार पत्र से बातचीत में दिल्ली एम्स निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा कि देश में तीसरी लहर का परिणाम काफी गंभीर आ सकता है। उन्होने कहा कि इस बार बच्चे भी इस वायरस का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए भारत में इस्तेमाल हो रहे टीकों का ट्रायल हो रहा है। अगले कुछ दिनों के बाद इन सभी ट्रायल के डाटा हमारे सामने आ जाएंगे। फिलहाल जितना जल्दी हो सके हमें बच्चों पर हो रहे टीके के ट्रायल को जल्द खत्म कर उन्हें भी वैक्सीनेट कर देना चाहिए, ताकि वो कम से कम संख्या में संक्रमित होने से बच सकें।

## नर्स दिवस पर नर्सिंग स्टाफ हुई सम्मानित

रे.स.ब्यूरो। कोरोना काल में मानव सेवा के लिए समर्पित नर्सिंग स्टाफ को बड़ौदा यूपी बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय मीराभवन के तत्वावधान में सीएमओ की मौजूदगी में सम्मानित किया गया। सीएमओ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नर्सिंग स्टॉफ निकिता जोशी व इंदुमति को बैंक के मुख्य प्रबंधक नवीन मेहरोत्रा ने सम्मानित किया और कहा कि नर्सो ने कोरोना काल में भी मानव सेवा की मिसाल पेश की है। वहीं सीएमओ डॉ. अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे आयोजन से नर्सिंग स्टाफ का उत्साह बढ़ता है।

## नाइट कर्फ्यू-लॉकडाउन से घटने लगे हैं मामलेः स्वास्थ्य मंत्रालय

रे.स.ब्यूरो। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि देश के १८ राज्यों में नाइट कर्फ्यू-लॉकडाउन जैसी पाबंदियों से कोरोना के मामले घटने लगे हैं। हालांकि कोरोना के मामलों में १६ राज्यों में निरंतर बढ़ोतरी भी हो रही है जो कि चिंता की बात है। मंगलवार दिनांक ११.०५.२०२१ को स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, तेलंगाना, चंडीगढ़, लद्दाख, दमन और दीव, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात और बिहार में प्रतिदिन कोरोना के नए मामलों में निरंतर कमी आ रही है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. बलराम भार्गव के अनुसार देश में कोरोना पॉजिटिविटी दर २१ फिसदी हो गई है। डॉ. भार्गव ने कहा कि ३० अप्रैल, २०२१ को १६,४५,२६६ परीक्षण किए गए, जो दुनिया में अब तक के सबसे अधिक हैं।

डॉ. भार्गव ने कहा कि सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं में रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) की अनुमति होनी चाहिए इसके लिए किसी भी मान्यता की आवश्यकता नहीं है।

## कोरोना के खिलाफ रांची हवाई अड्डा निभा रहा है अहम भूमिका

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। कोरोना महामारी से निपटने के लिए देश के हवाई अड्डों को तैयार किया गया है और इस आपदा के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभाकर देश की मदद कर रहे हैं। वहीं देश के लिए ऑक्सीजन संकट को दूर करने के लिए रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर यह मुहिम २४ अप्रैल से शुरु हुई और ८ मई २०२१ तक भारतीय वायु सेना के १०० विमानों में कुल १३६ ऑक्सीजन टैंकरों को ले जाया गया। भारतीय वायु सेना के विमान जैसे सी-१७, सी-१३० जे, एएन ३२, आईएल ७६ और अन्य छोटे विमान नियमित अंतराल पर आव'यक सामग्री के परिवहन में मदद करते रहे हैं। रांची हवाई अड्डे पर चिकित्सा उपकरण और आव'यक सामग्री जैसे ऑक्सीजन टैंकर, ऑक्सीजन कॅन्सेंट्रेटर, नोजल, कोविड-१६ वैक्सीन, इंजेक्शन, टेस्टिंग किट और दवाओं की आसान आवाजाही की सुविधा है। एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि आवश्यक सामग्रियों की आवाजाही को बिना किसी देरी के प्राथमिकता पर पूरा किया जाए। इसके अलावा, टीम रांची हवाई अड्डा इस दौरान केंद्र और राज्य सरकारों के निर्देशों के अनुसार सभी कोविड-१६ संबंधित दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल का भी पालन कर रही है। इसके साथ ही दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के लिए दंडात्मक प्रावधान भी लागू हैं।

# भारत जल्द ही महामारी से उबरकर और मजबूत होकर सामने आएगा-पीयूष गोयल



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग, रेलवे, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत व्यापार और निवेश संरक्षण पर एक संतुलित, महत्वाकांक्षी, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभप्रद समझौते के लिए वार्ता शुरू करने में अधिक सहज है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के वैश्विक व्यापार आउटलुक सत्र में बोलते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) एक संतुलित समझौता नहीं था क्योंकि इससे भारत के किसान, एमएसएमई, डेयरी उद्योग को नुकसान होगा और इसलिए भारत के लिए आरसीईपी में शामिल नहीं होना समझदारी भरा कदम था। कोविड -१६ के मुद्दे पर मंत्री ने कहा कि भारत आज मजबूती के साथ महामारी से लड़ रहा है। उन्होंने रेलवे द्वारा "ऑक्सीजन एक्सप्रेस" शुरू करने के बारे में भी उल्लेख किया, जो ऑक्सीजन की कमी को पूरा करने के लिए देश भर में तरल चिकित्सीय ऑक्सीजन (एलएमओ) ले जाने के लिए ट्रेन है।

# बिना पंजीकरण ४५ से अधिक उम्र के लोग लगवा सकेंगे टीके-मनीष सिसोदिया



रे.स.ब्यू./सूत्र,नई दिल्ली। दिल्ली में अब बिना पंजीकरण सीधा टीकाकरण केंद्र पर जाकर ४५ साल से अधिक उम्र के लोग वैक्सीन लगवा सकेंगे। इन लोगों का पंजीकरण टीकाकरण केंद्रों पर ही किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में १८ से ४५ आयु वर्ग के लोगों के लिए ३ मई से टीकाकरण केंद्रों की शुरुआत की गई थी। इसके बेहतर परिणामों को देखते हुए दिल्ली सरकार ने ४५ से अधिक आयु वर्ग के लोगों का वैक्सीनेशन केंद्र सरकारी स्कूलों में शिफ्ट करने का निर्णय लिया है।

# कोरोना से ठीक हुए मरीजों में ब्लैक फंगस का डर

रे.स.ब्यूरो./संवा। देश के १० राज्यों में म्यूकोरमाइकोसिस यानी ब्लैक फंगस के मामले देखने को मिल रहे हैं। कोरोना वायरस के साथ -साथ अब म्यूकोरमाइकोसिस का खतरा भी अब बढ़ता जा रहा है। इस बीमारी के तहत मरीज की आंख की रोशनी जाने और जबड़े और नाक की हड्डी गलने का खतरा रहता है। ये इतनी गंभीर बीमारी है इसमें सीधे मरीज को आईसीयू में भर्ती करना पड़ रहा है। वहीं जानकारों के अनुसार कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को इसका ज्यादा खतरा रहता है। डायबिटीज वाले रोगियों पर भी इसका खतरा ज्यादा हो सकता है और जिनके साथ स्वास्थ्य समस्याएं हैं, वो इसके लिए चपेटे में आ सकते हैं। ये सामान्य तौर पर उन मरीजों में ज्यादा देखा जा रहा है, जो कोरोना से ठीक हुए हैं और जिन्हें पहले से कोई बीमारी थी।

# दहशत के बीच घरों में पढ़ी गई ईद की नमाज, मुल्क के लिए मांगी दुआ



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना कर्फ्यू के बीच अकीदत और एहतेराम के साथ शहर में ईदुल फितर (ईद) की नमाज शुक्रवार दिनांक १४.०५.२०२१ (जुमे) को अदा की गई। मस्जिदों में गाइडलाइन की वजह कम ही लोग पहुंचे। ज्यादातर लोगों ने घरों में ही नमाज अदा की। वहीं कोरोना महामारी से हिफाजत और निजात के लिए हर छोटे-बड़े इबादतगाहों में दुआएं हुई। बच्चे, बुजुर्ग और युवाओं ने अल्लाह की बारगाह में सजदा कर रहमत बरसाने, मुल्क को बीमारी से बचाने, अमन-चैन कायम करने की दुआ मांगी गई।

नमाज बाद एक दूसरे को मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया। गले लगने के बजाय लोगों ने एक दूसरे को सलाम करके मुबारकबाद दी। नमाज बाद कुछ देर के लिए मुस्लिम बहुल इलाकों करेली, रोशनबाग, रानीमंडी,अकबरपुर, नूरुल्लाह रोड, कीडगंज,अटाला, रसूलपुर, बहादुरगंज, दरियाबाद, बैदल टोला, शाहगंज, नखासकोहना, चौक,चकिया, मुट्ठीगंज, खुल्दाबाद आदि इलाकों में रौनक नजर आई

# कोरोना को काबू करने का श्रेय जनता,स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सकों व कोरोना योद्धाओं को : सिद्धार्थ नाथ सिंह



साभारः सूचना विभाग. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता एवं शहर पश्चिमी के विधायक व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने ६ मई ,२०२१ को ट्वीट के माध्यम से कहा कि प्रयागराज में पिछले १५ दिनों में कोरोना संक्रमितों की संख्या २१६५ प्रतिदिन से कम होकर ४२१ प्रतिदिन पर आ गई। इसका श्रेय प्रयागराज की जनता,स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सकों व कोरोना योद्धाओं को जाता है। सभी के सहयोग से शीघ्र कोरोना महामारी पर काबू पा सकें हैं। इस मौके पर मंत्री ने डॉक्टरों,स्वास्थ्यकर्मियों एवं जनता को धन्यवाद ज्ञापित किया। आगे भी सब मिलकर कोरोना जैसी महामारी को परास्त करने में कामयाब होंगे। उन्होने कहा कि सरकार आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए कृतसंकल्पित है।

# राजधानी एक्सप्रेस की तर्ज पर चलाई जा रही ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनें

साभारः उत्तर मध्य रेलवे देश के पूर्वी हिस्सों में लोड कर कानपुर, दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में जा रही ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रहा है। भारतीय रेल ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनें पर क्रायोजेनिक कंटेनरों में लोड ऑक्सीजन को आवश्यकता वाले क्षेत्रों में पहुंचा कर कोविड के खिलाफ चल रही लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान कर रही है। इसके अनुरूप ही उत्तर मध्य रेलवे का प्रयागराज मंडल ३० से अधिक ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन में अपना योगदान दे चुका है। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने पहले ही इन ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनों के निर्बाध परिचालन के लिए निर्देशित किया है।

इसके अनुसरण में, प्रयागराज मंडल ने अपने ७५५ किलोमीटर के खंड में ८५-६० किमी प्रति घंटे की औसत गति के साथ इनमें से कई ट्रेनों को चलाने का उल्लेखनीय कार्य किया है। इसी कड़ी में दिनांक १२.०५.२०२१ बुधवार को, दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) से लोड किए गए लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन के लोडेड कंटेनरों को ऑक्सीजन एक्सप्रेस के माध्यम से न्यू वेस्ट केबिन पर दिनांक ११.०५.२०२१ मंगलवार को १८.४८ पर प्राप्त कर, दिल्ली मंडल के ओखला टर्मिनल के लिए चिपियाना पर ०३.११ बजे उत्तर रेलवे को सौंप दिया।

# कोरोना मरीजों के उपचार में उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन ने स्टीम इन्हेलर किये प्रदान

रे.स.ब्यू./सूत्र। कोविड की दूसरी लहर के कारण कोराना संक्रमण बहुत तेज गति से बढ रहा है।

संक्रमण को ध्यान में रखकर रेलवे चिकित्सालयों में कोविड से संक्रमित मरीजों के उपचार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी मण्डल चिकित्सालयों तथा केन्द्रीय चिकित्सालय जयपुर में कोविड संक्रमित मरीजों के उपचार के लिये आइसोलेशन वार्ड बनाये गये है तथा सभी डाक्टर व मेडिकल स्टाफ पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य को निभा रहे हैं। वर्तमान परिस्थितियों में सभी रेलकर्मी और उनके परिवारजन एकजुट होकर इस महामारी से बखूबी मुकाबला कर रहे है।

हर समय सेवाभाव का उदाहरण बना उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन इस समय में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में सेवाभाव की परम्परा को निभाते हुये उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन ने केन्द्रीय चिकित्सालय, जयपुर में कोविड आइसोलेशन वार्ड में भर्ती संक्रमित मरीजों के उपचार में सहायक स्टीम इनहेलर (Steam Inhalers) प्रदान किये। इन इनहेलर की उपलब्धता से कोविड मरीजों को उपचार के दौरान स्टीम की सुविधा आसानी से प्राप्त होने में सहायता मिलेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा कोरोना संक्रमित मरीजों को उपचार में सहायक स्टीम इनहेलर दिये जाने की आइसोलेशन में भर्ती सभी मरीजो तथा मेडिकल स्टाफ ने महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा एवं सभी सदस्यों की प्रशंसा की और आभार प्रकट किया।

हिन्दी भाषा रेल की भाषा
हिन्दी भाषा देश की भाषा

# रिकॉर्ड स्तर पर रही यूपी में ऑक्सीजन की आपूर्ति:अवनीश कुमार अवस्थी



रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रदेश में विभिन्न प्लांटों से की जा रही ऑक्सीजन की सप्लाई मंगलवार दिनांक ११.०५.२०२१ को अपने रिकॉर्ड स्तर पर रही। उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि बीते २४ घंटों में होम आईसोलेशन के ४६०४ मरीजों को ३२.४७५ मीट्रिक टन ऑक्सीजन की अपूर्ति सिलेंडरो से की गई है। वहीं मंगलवार को एक दिन में १०११.७६ मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आपूर्ति प्रदेश के मेडिकल कालेजों, चिकित्सा संस्थानो, निजी अस्पतालों एवं रिफीलर्स को की गई। अवस्थी ने बताया कि बीते २४ घंटों में १०११.७६ मीट्रिक टन ऑक्सीजन की जो आपूर्ति की गई है उसमें ६३२.६६ मीट्रिक टन ऑक्सीजन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा और ३०१.८० मीट्रिक टन ऑक्सीजन मेडिकल कालेजों व चिकित्सा संस्थानो को तथा ७७.०३ मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आपूर्ति ऑक्सीजन सप्लायर्स ने निजी चिकित्सालयों को किया।

# दिल्ली में अब २५ स्थानों पर मुफ्त मिलेगी आयुष-६४ दवा




रे.स.ब्यूरो.नई दिल्ली। कोरोना के हल्के और मध्यम स्तर के लक्षण वाले मरीजों के लिए आयुष-६४ दवा बेहद कारगर पाई गई है। यह दवा कोरोना के उन मरीजों, जो होम आइसोलेशन में हैं या किसी सरकारी/एनजीओ द्वारा व्यवस्थित आइसोलेशन सेंटर में रह रहे हैं, उन्हें मुफ्त में दी जा रही है। इसकी उपयोगिता को देखते हुए ही आयुष मंत्रालय इसे लोगों को मुफ्त में बांट रहा है। दिल्ली में अब इसका २५ केंद्रों पर मुफ्त वितरण होगा। आयुष मंत्रालय ने राजधानी में इस दवा के वितरण केंद्रों की संख्या बढ़ा दी है। इस अभियान में मुख्य सहयोगी सेवा भारती है। उसने शुक्रवार दिनांक १४.०५.२०२१ से दिल्ली के १७ स्थानों पर आयुष -६४ का वितरण शुरू किया। मंत्रालय इसका वितरण अभियान २० से अधिक राज्यों तक शुरू कर चुका है। इसी कड़ी में सेवा भारती द्वारा शुक्रवार को शुरू किए गए १७ वितरण केंद्र शाहदरा, गांधी नगर, इंद्रप्रस्थ, हिम्मतपुरी, कालकाजी, बदरपुर, करावल नगर, ब्रह्मपुरी, नंदनगरी, रोहतास नगर, तिलक नगर, जनकपुरी में स्थित हैं। रोहिणी, कंझावला, नरेला और बुराडी। ये केंद्र सप्ताह के सातों दिन सुबह ६.३० बजे से शाम ४.३० बजे तक खुलेंगे। इसके अलावा आयुश भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स पर एक बिक्री काउंटर भी स्थापित किया गया है ।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया डोर-टू-डोर निरीक्षण



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की पहचान के लिए चलाये जा रहे डोर-टू-डोर सर्वे कार्य का मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि ने मंगलवार दिनांक ११.०५.२०२१ को औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने डोर-टू-डोर सर्वे कार्य में लगे हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सर्वे के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। उन्होंने डोर-टू-डोर सर्वे हेतु आशा एवं सम्बन्धित सुपरवाइजरों को माइक्रो प्लान के अनुसार डोर-टू-डोर सर्वे किये जाने के लिए कहा है, साथ ही साथ उन्होंने आशा बहुओं एवं सुपरवाइजरों को पर्याप्त मात्रा में दवा की किट उपलब्ध कराने के लिए कहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने जोनल प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर सर्वे कार्यक्रम करने के लिए कहा है।

# कोविड देखभाल सुविधाओं में एनटीपीसी ने की बढ़ोतरी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। विद्युत मंत्रालय के तहत भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने गंभीर कोविड देखभाल के लिए सहायता प्रदान करने को लेकर विभिन्न राज्यों में स्थित संयंत्रों में ऑक्सीजन युक्त ५०० से अधिक बेड और ११०० से अधिक आइसोलेशन बेड जोड़े हैं।

एनसीआर क्षेत्र में कंपनी ने बदरपुर, नोएडा और दादरी में कोविड केयर केंद्र स्थापित की है। इन केंद्रों में २०० ऑक्सीजन युक्त बेड और १४० आइसोलेशन बेड की सुविधा दी गई है। इसके अलावा, कंपनी ने ओडिशा के सुंदरगढ़ में ५०० बेड वाला कोविड स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की है। इस केंद्र को २० वेंटिलेटर प्रदान किए गए हैं।

वहीं कपनी पहले ही एनसीआर में ११ ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों के लिए ऑर्डर दे चुकी है। इसके अलावा बॉटलिंग सुविधा युक्त २ बड़े ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं।

इसके आगे कंपनी अन्य राज्यों में ८ विभिन्न स्थानों पर ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र भी स्थापित कर रही है। इसके अतिरिक्त कंपनी ने अन्य राज्यों में स्थित विभिन्न सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों की स्थापना के लिए सहायता प्रदान की है।

कंपनी ने इसके अलावा दादरी, कोरबा, कणिहा, रामगुंडम, विंध्याचल, बाढ़ और बदरपुर में पहले से ही कोविड देखभाल केंद्र का संचालन किया जा रहा है। वहीं अन्य अस्पताल ऑक्सीजन की सुविधा वाले बिस्तरों की संख्या में बढ़ोतरी की तैयारी है।

# कोराना वैक्सीन के संदेहों को दूर करने के लिए मीटिंग आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। कोराना वैक्सीन लगवाने में उत्पन्न संदेहों को दूर करने एवं इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी देने हेतु वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डा० उमेश चन्द्रा द्वारा इलेक्ट्रिक लोको शेड झासीं के कर्मचारियों को उत्साह वर्धन हेतु दिनांक १२.०५.२१ को एक ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें कोविड-१६ से बचाव के उपाय के बारे में विस्तार से बताया गया। मीटिंग में कोराना वैक्सीन लगवाने में उत्पन्न संदेहों को दूर करने एवं इसकी उपयोगिता के बारे में वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डा० उमेश चन्द्रा द्वारा जानकारी दी गई। इस मीटिंग का आयोजन मयंक शांडिल्य, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर आर.एस. द्वारा कराया गया, जिसमें विद्युत लोको शेड, झाँसी में कार्यरत कर्मचारियों एवं सुपरवाईजरों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया। ऑनलाइन मीटिंग में कर्मचारियों तथा सुपरवाईजरों द्वारा कोविड-१६ जनित बीमारियों तथा कोराना बैक्सीन लगवाने में उत्पन्न संदेहों को प्रश्नों के माध्यम से पूछा गया जिन्हें डा. उमेश चन्द्रा द्वारा सहजता से दूर किया गया। कोविड-१६ के संकटकाल में भी विद्युत लोको शेड, झाँसी सतत रूप से कार्यरत रहा है, जिसके दौरान कर्मचारियों द्वारा लोको रिपेयर तथा मेण्टीनेंस का कार्य चौबीसों घण्टें संपन्न किया जाता रहा है।

# पूर्व मध्य रेल के ५० प्रतिशत से अधिक रेलकर्मियों का हुआ टीकाकरण

रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल प्रशासन कोविड संक्रमण के इस कठिन दौर में अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रतिपूरी तरह सतर्क है। महाप्रबन्धक ललितचंद्र त्रिवेदी ने पिछले दिनों प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं मण्डल रेल प्रबन्धकों के साथ वर्चुअल बैठक में रेलकर्मियों के स्वास्थ्य को लेकर सदैव विशेष सावधानी बरतने तथा इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया था।

महाप्रबंधक ने रेलकर्मियोंको कोविड-१६ से बचाव हेतु प्राथमिकता से टीकाकरण किए जाने पर बल दिया। टीकाकरण का कार्यक्रम पूर्व मध्य रेल पर एक अभियान के रूप में चलाया जा रहा है।

जिसके फलस्वरूप १३ मई, २०२१ तक पूर्व मध्य रेल के मुख्यालय एवं पांचों मंडलों एवं कारखानों में टीकाकरण के योग्य लगभग ५१ प्रतिशत रेलकर्मियों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है।

## कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण हेतु केशव प्रसाद मौर्य ने की समीक्षा बैठक



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। जनपद प्रयागराज में महानगर, यमुनापार व गंगापार तथा कौशाम्बी जनप्रतिनिधियो व समाज-सेवियो के साथ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दिनांक ०८.०५.२०२१ को वर्चुअल माध्यम से कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के प्रभाव को रोकने संबंधी उपायों पर समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी के सुझाव और विचारों को गंभीरता पूर्वक सुना तथा करोना संक्रमण के नियंत्रण हेतु सक्रिय भागीदारी करने की अपील की और इस संबंध में बचाव हेतु अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया तथा पीड़ित लोगों की मदद करने की भी अपील की। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गांव-गांव सघन कोविड-१९ टेस्टिंग अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा ग्राम वासियों के टेस्ट कराने में अपना सहयोग करें।

## बेहतर ईलाज के लिए, स्वरूपरानी अस्पताल को मिले १०० मॉनीटर



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। सूचना विभाग. प्रयागराज। स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज के आईसीयू में भर्ती कोरोना मरीजों का और बेहतर ईलाज हो सके, मरीजों की क्लोज मॉनिटरिंग हो सके इसके लिए प्रदेश सरकार ने अस्पताल प्रशासन को आईसीयू के लिए १०० और मॉनिटर दिए हैं, जिसे उत्तर प्रदेश के नागरिक उड्डयन, अल्पसंख्यक कल्याण, राजनीतिक पेंशन, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने दिनांक ०७.०५.२०२१ को अस्पताल प्रशासन को सौंपा। इस दौरान जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी और एसआरएन हॉस्पिटल के प्राचार्य डा. एसपी सिंह मौजूद रहे। मंत्री ने निरीक्षण करते हुए चिकित्सकों एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं के बारे में जाना। वहीं कठिन परिस्थितियों में भी लगातार लोगों की सेवा कर रहे चिकित्सकों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का उत्साहवर्धन किया।

## ऑक्सीजन एक्सप्रेस से हर कोने में पहुंच रहा है मेडिकल ऑक्सीजन



रे.स.ब्यू./सूत्र,नई दिल्ली। ऑक्सीजन एक्सप्रेस कोविड काल में प्रतिदिन एक रिकार्ड बना रही है,ऑक्सीजन एक्सप्रेस ने एक दिन में रिकॉर्ड ८३१ मीट्रिक टन तरल मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति की। भारतीय रेलवे वर्तमान समय में कोविड के चुनौतियों का सामना करते हुए देश के विभिन्न राज्यों की मांग पर चिकित्सा ऑक्सीजन की आपूर्ति के अपने अभियान के तहत २६५ टैंकरों में ४७०० मीट्रिक टन से अधिक तरल चिकित्सा ऑक्सीजन की आपूर्ति की है। १९ अप्रैल से समाचार लिखे जाने तक महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश को लगभग ४७०० मीट्रिक टन से अधिक ऑक्सीजन की आपूर्ति की है। इस अभियान तहत अभी तक १२१ ऑक्सीजन एक्सप्रेस चलाई गई है। रेलवे बोर्ड के सीईओ सुनीत शर्मा का कहना है कि रेलवे देश के कोने-कोने तक ऑक्सीजन पहुंचाने के अभियान में जुटी है। इन ट्रेनों के मॉनीटरिंग को आसान करने के लिए बिजनेस डेवल पमेंट ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है। ताकि ऑनलाइन ट्रेनों की जानकारी मिलती रहे।

### पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो
कैम्प कार्यालयः ८४३६, आर्य नगर, पहाड़गंज दिल्ली - ५५

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७६३९५६०४४ ९९५१८०४७८८, ९९३५२२४८९७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०


